Rediffusion/Edelman

Published Date:	29 Sep 2017	Publication:	Yashobhoomi (Hindi)
Edition:	Pune	Page No:	4
Circulation:	25000		

बिशप्स स्कूल ने जीता टीसीएस आईटी विज का खिताब

मुंबई में होनेवाले नेशनल फाइनल में करेगा पुणे का प्रतिनिधित्व

पुणे, कक्षा 8-12वीं के छात्रों के लिए देश के बड़े इंटर-स्कूल आईटी क्विज- टीसीएस आईटी विज के पुणे एडिशन में पुणे कैम्प स्थित बिशप्स स्कूल के छात्रों ने खिताब अपने नाम किया। जागरूकता बढ़ाने, आईटी कुशलताओं के महत्व पर जोर देने, एवं नवोन्मेशी तरीकों से प्रौद्योगिकी की ओर बढ़ रहे छात्रों को योग्य बनाने के उद्देश्य से यह प्रतियोगिता आयोजित की जाती है। कोथरुड के यशवंतराव चव्हाण नाट्यगृह में आयोजित यह प्रतियोगिता सभी के लिए निःशुल्क है, इसमें शहर के विभिन्न स्कूलों के छात्रों ने लिया।

टीसीएस आईटी विज में इस वर्ष ऑटोमेशन, कंटेक्सचुअल नॉलेज, मशीन लर्निंग एवं एजाइल, और टीसीएस पर एक्सकलुसिव राउंड शामिल किए, गए हैं। इस प्लेटफार्म पर टेक्नोलॉजी के उन रुझानों को शामिल किया गया है जो दुनियाभर में काफी पसंद किए जा रहे हैं। आरंभिक दौर की लिखित परीक्षा के आधार पर शीर्ष छह टीमों को रीजनल फाइनल के लिए चुना गया। इसके पांच दौर की क्विजिंग के बाद बिशप्स स्कूल के अनिरुद्ध देब और रसेश रामदेवी कान ने खिताब जीता। इस साल के रीजनल चैंपियनों को 60 हजार रुपए के गिफ्ट वाउचर और यूडब्ल्यूसी महिंद्रा कॉलेज के उपविजेता रौनक चावला और केशव कूपा को 40 हजार रुपए के गिफ्ट वाउचर और विषेश रूप से डिजाइन की गई ट्रॉफी और मैडल प्रदान किए गए।

फाइनल में पहुंचनेवाले विद्यार्थियों को टीसीएस से जिम बैग, ओटीजी पैन ड्राइव, इयरफोन और ब्लूटूथ स्पीकर जैसे अन्य पुरस्कार मिलेंगे। विजेता टीम और उसके एक शिक्षक/अभिभावक को राष्ट्रीय फाइनल के लिए विमान से मुम्बई ले जाया जाएगा। विजेताओं को प्रमुख अतिथि कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग, पुणे के निदेशक डॉ. बीबी आहूजा तथा टीसीएस के डिलीवरी सेंटर प्रमुख सचिन रत्नपारखी के हाथों सम्मानित किया गया। क्विज का संचालन क्विज मास्टर गिरि पिकब्रेन बालासुब्रह्मणियम ने किया। टीसीएस आईटी विज को नॉलेज इनिशिएटिव के तौर पर 1999 में आरंभ किया गया था। इस साल इसे भारत के अहमदाबाद, बेंगलूर, चेन्नई, हैदराबाद, कोलकाता, इंदौर, नागपुर, भुवनेश्वर, कोच्चि, दिल्ली, मुम्बई और पुणे में आयोजित की जा रही है।